कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में
मानव अधिकार दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

राजनीतिशास्त्र विभाग की छात्राओं द्वारा तैयार पोस्टरों में विभिन्न मानव अधिकारों को चिन्हित किया गया, उक्त छात्राओं ने अपने चित्रों के माध्यम से मानव अधिकार का कैसे उल्लंघन होता है, उसे भी चिन्हित करने का प्रयास किया।

10 दिसम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की गई थी। इसके अलावा इस तिथि को ही मानव अधिकार के क्षेत्र में पांच वार्षिक संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार एवं नोबल शांति पुरस्कार भी प्रदान किये जाते हैं।

1950 से प्रारंभ मानव अधिकार दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए इस दिवस के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि किसी देश की गरिमा उस देश के मानव के अधिकारों को संरक्षित रखने से ही बढ़ती है।

पोस्टर प्रदर्शनी में 26 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान कु0 हेमपुष्पा (बी0 ए0 द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान शोएब अली (एम0 ए0) एवं तृतीय स्थान कु0 निराला कौशिक (बी0 ए0 द्वितीय वर्ष) को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ0 सुषमा यादव, श्रीमती वंदना बंजारे, डॉ0 मोनिया राकेश, कु0 रश्मि नौरंगे, डॉ0 खेमराज चन्द्राकर उपस्थित थे।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)